# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- coe.rmpssu@gmail.com

पत्रांकः–सी0ओ0ई0 / 589 / 2025 दिनांकः– 13 अगस्त, 2025

**अनुस्मारक–4**

**सेवा में,**

**प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक**
**समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,**
**राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय,**
**अलीगढ।**

**विषयः प्रयोगात्मक परीक्षाएं / शोध परियोजना तत्काल कराकर अंक अपलोड करने के सम्बन्ध में।**

**महोदय / महोदया,**

अवगत कराना है कि सत्र् 2024–25 सम सेमेस्टर की समस्त प्रयोगात्मक परीक्षाएं / शोध परियोजना की परीक्षा सम्पादित कराकर 31.07.2025 तक अंक अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया था, किन्तु अभी तक कतिपय महाविद्यालयों द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षाएं / शोध परियोजना की परीक्षा सम्पादित नही करायी गयी है। जिससे मा0 कुलपति जी द्वारा बहुत रोष प्रकट किया गया है।

विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया है कि "सत्र् 2024–25 सम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा / शोध परियोजना के अंक दिनांक 18.08.2025 तक अपलोड करने हेतु निर्णय लिया गया एवं निर्धारित तिथि तक अंक अपलोड न करने की दशा में महाविद्यालय पर अर्थदण्ड 50 अथवा 50 से अधिक छात्र होने पर 50,000 एवं 50 से कम छात्र होने पर 1000/– प्रति छात्र के साथ देय होगा। निर्धारित तिथि तक परीक्षा सम्पन्न न होने की दशा में परीक्षा में लगाये गए परीक्षकों को एक वर्ष के लिए समस्त परिक्षकत्व कार्य से डिबार करने का निर्णय लिया गया।" उक्त निर्णय के अनुपालन में सत्र् 2024–25 सम सेमेस्टर की समस्त प्रयोगात्मक परीक्षाएं / शोध परियोजना की परीक्षा दिनांक 18.08.2025 तक सम्पन्न कराकर अंक पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें, अन्यथा विश्वविद्यालय द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षाएं / शोध परियोजना निर्धारित तिथि तक सम्पन्न न कराने पर सम्बद्ध महाविद्यालयों पर अर्थदण्ड भी लगाया जायेगा। सम्बन्धित विषय में कोई भी परेशानियाँ उत्पन्न होने पर **मो0 9569686831, 8127202201** पर सम्पर्क करना स्थापित करें।

13-08-2025

**(धीरेन्द्र कुमार)**
**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–**

1. समस्त संयोजक, अध्ययन परिषद (BOS)।
2. निजी सचिव, मा0 कुलपति, कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. प्रभारी वेबसाइट
4. गार्ड फाईल।

**परीक्षा नियंत्रक**

RT